कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

कमला कॉलेज राजनांदगांव, डॉ.राधाबाई कॉलेज, रायपुर एवं एस.बी.महिला कॉलेज हिम्मत नगर, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव : एक भारत श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ.राधा बाई नवीन शासकीय महाविद्यालय रायपुर एवं एस.बी. महिला महाविद्यालय, हिम्मत नगर गुजरात के संयुक्त रूप में निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता का विषय ''राष्ट्रीय एकीकरण'' । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाईन निबंध भेजने का अंतिम तारीख 18 जून रात्रि 12:00 बजे का समय दिया गया था । इस प्रतियोगिता में तीनों महाविद्यालयों के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण डॉ.गौरी अग्रवाल, डॉ.राधा बाई नवीन शासकीय महाविद्यालय रायपुर एवं डॉ.रंजना तिवारी शास. कला एवं वाणिज्य गर्ल्स कॉलेज देवेन्द्र नगर, रायपुर थे । निर्णायकों के निर्णय के अनुसार निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्रा कु.अराधना सिंह, द्वितीय स्थान कु.साची अग्रवाल डॉ.राधा बाई नवीन शासकीय महाविद्यालय रायपुर एवं तृतीय स्थान कु.भावना कामड़े शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्रा ने प्राप्त किया ।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव एवं प्राचार्य डॉ.विनोद जोशी डॉ.राधा बाई नवीन शास. महाविद्यालय रायपुर, के मार्गदर्शन में किया गया । इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए डॉ.निशा बारले, डॉ.राधा बाई नवीन शास. महाविद्यालय रायपुर, प्रो.रोज खान मैडम, एस.बी. महिला महाविद्यालय, हिम्मत नगर गुजरात, डॉ.निवेदिता ए.लाल, डॉ.लाली शर्मा, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत के समन्वय प्रो.आलोक कुमार जोशी सहा.प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, शास. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव का विशेष योगदान रहा ।